देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित

www.page3news.in

नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 5 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**सब कुछ लुटा के



# पेज श्री

देहरादून, शनिवार, 30 नवंबर 2019



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम अधिकतम 22.0° न्यूनतम 8.0°

40793.81

2 हमें भारत का एजेंट बना दिया गया

7 मानसिक स्वास्थ्य एक चुनौती है: द्रविड़

# भारत आतंक के खिलाफ श्रीलंका के साथ

■श्रीलंका के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी से की मुलाकात

## पीएम मोदी बोले, भारत ने हमेशा आतंकवाद का विरोध किया, तमिलों का भी उठाया मुद्दा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने भारत दौरे पर पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आतंकवाद के खिलाफ जंग में भारत का श्रीलंका को अटल समर्थन है। पीएम मोदी ने कहा कि यह स्वाभाविक है कि हम एक–दूसरे की सुरक्षा और चिंताओं को लेकर संवेदनशील रहें। उन्होंने कहा, भारत ने हमेशा आतंकवाद का विरोध किया है। इसके लिए हमेशा अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कार्रवाई की अपेक्षा की है। इस साल ईस्टर के मौके पर आतंकियों ने पूरी मानवता पर बर्बर हमला किया। आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत का सहयोग व्यक्त करने के लिए मैं श्रीलंका गया था। इसके साथ ही पीएम मोदी ने तमिल समुदाय का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उम्मीद है कि गोटबाया तमिलों के सशक्तीकरण के लिए भी काम करेंगे। मीटिंग के दौरान श्रीलंका की ओर से गिरफ्तार भारतीय मछुआरों को लेकर भी चर्चा हुई। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने हिरासत में ली गई मछुआरों की नावों को रिलीज करने का ऐलान किया है।

पीएम मोदी ने कहा, भारत के पुलिस संस्थानों में श्रीलंका के अधिकारी पहले ही काउंटर टेररिज्म की ट्रेनिंग ले रहे हैं। मुझे विश्वास है कि श्रीलंका सरकार तमिलों की समानता, विकास और सम्मान के लिए प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी। इसके साथ ही पीएम मोदी ने श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए 400 मिलियन डॉलर तक की लाइन ऑफ क्रेडिट की बात कही।



### हम राजपक्षे के साथ काम करने को उत्सुक: पीएम

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों की प्रगति, शांति सुरक्षा के लिए हम राष्ट्रपति राजपक्षे के साथ काम करने को उत्सुक हैं। आपको मिला जनादेश श्रीलंका के बेहतर भविष्य को तय करेगा। दोनों देशों के मजबूत संबंधों का आधार सांस्कृति, ऐतिहासिक और नस्लीय है। दोनों देशों की सुरक्षा और विकास अविभाज्य हैं। हमने निर्णय लिया है कि दोनों देशों के बीच बहुमुखी साझेदारी को मजबूत करेंगे। हमें विश्वास है कि इससे दोनों देशों को मजबूती मिलेगी।

### संबंधों में चाहता हूं नई ऊंचाई: राष्ट्रपति गोटबाया

नई दिल्ली। भारत के तीन दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने शुक्रवार को कहा कि वह भारत के साथ अपने देश के संबंधों को बेहद ऊंचाई पर ले जाना चाहते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और गोटबाया के बीच आर्थिक व सुरक्षा सहयोग सहित व्यापक द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा हुई। राष्ट्रपति बनने के बाद यह उनका पहला विदेश दौरा है जो दिखाता है कि भारत के साथ संबंधों को वह कितना महत्व देते हैं। श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने कहा कि इस दौरे से उन्हें बहुत उम्मीदें हैं। गोटबाया ने कहा, राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल में मैं भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों को बहुत ऊंचे स्तर पर ले जाना चाहता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### केदारनाथ की पहाड़ियों पर हुई बर्फबारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ की पहाड़ियों पर लगातार बर्फबारी हो रही है। इससे केदारपुरी में ठंड का असर बढ़ने लगा है। बीते कई दिनों से हो रही बारिश और ऊंची पहाड़ियों पर बर्फबारी से केदारनाथ में इस बार ठंड जल्दी बढ़ने लगी है। इधर केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण कार्य में भी बारिश से दिक्कतें होने लगी है। केदारनाथ धाम में शुक्रवार सुबह से ही मौसम बदला रहा। आधा दिन धूप–छांव के बीच ही निकल गया जबकि दोपहर बाद बारिश हुई और ऊंचाई वाली पहाड़ियों में बर्फबारी हुई। हर दिन हो रही बारिश से कुछ परेशानियां भी पैदा हो रही है।

### पीड़िता के परिवार को दौड़ाती रही पुलिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैदराबाद। तेलंगाना पुलिस ने राजधानी हैदराबाद में एक महिला सरकारी डॉक्टर के साथ कथित रेप, हत्या और जला देने के आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में लॉरी का ड्राइवर मोहम्मद पाशा भी शामिल है। इस बीच पीड़िता की मां ने सभी दोषियों को सबके सामने जिंदा जलाने की मांग की है। परिवार वालों ने यह भी कहा है कि साइबराबाद पुलिस उन्हें दौड़ाती रही।

### चेक बाउंस होने पर अमीषा पटेल के खिलाफ शिकायत दर्ज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इंदौर। इंदौर के एक कोर्ट में बॉलिवुड ऐक्ट्रेस अमीषा पटेल के खिलाफ 10 लाख रुपये का चेक बाउंस होने की शिकायत दर्ज की गई है। इसके अलावा अमीषा पटेल को अगले साल 27 जनवरी को कोर्ट के सामने पेश होने को कहा गया है। इंदौर निवासी शिकायतकर्ता निशा छीपा (30) के वकील दुर्गेश शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट (जेएमएफसी) मनीष भट्ट ने अमीषा पटेल के खिलाफ उनकी मुवक्किल की शिकायत को बुधवार को दर्ज किया।

### पवार की शर्तें मानी जातीं तो बीजेपी सरकार बच सकती थी?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बीजेपी अगर एनसीपी चीफ शरद पवार की दो शर्तें मान लेती तो बीजेपी सरकार बच सकती थी? जी हां, सूत्रों की मानें तो बीजेपी को समर्थन देने के लिए पवार ने दो शर्तें रखी थीं। पहली शर्त थी कि केंद्र की राजनीति में सक्रिय बेटी सुप्रिया सुले के लिए भारी–भरकम कृषि मंत्रालय और दूसरी देवेंद्र फडणवीस की जगह किसी और को सीएम बनाना। जब यह बात पीएम मोदी के सामने आई तो वह सरकार बनाने के लिए इन शर्तों को मानने को तैयार नहीं हुए। बीजेपी सूत्रों ने बताया है कि पार्टी नेतृत्व को लगा कि एनसीपी को कृषि मंत्रालय दे दिया गया, तो फिर बिहार में पुराना सहयोगी जेडीयू रेल मंत्रालय के लिए दावा ठोक कर धर्मसंकट पैदा कर सकता है।

# आज उद्धव का शक्ति परीक्षण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली तीन दलों की गठबंधन सरकार शनिवार को ही विश्वास मत का प्रस्ताव पेश कर सकती है। विधानसभा के सूत्रों की मानें तो शनिवार को ही शिवसेना–एनसीपी–कांग्रेस सरकार के अपना बहुमत साबित करने की संभावना है। हालांकि राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को बहुमत साबित करने के लिए 3 दिसंबर तक का समय दिया है।

बताया जा रहा है कि उद्धव सरकार जल्द से जल्द बहुमत साबित करना चाहती है जिससे

### गवर्नर ने 3 दिसंबर तक दिया है समय, पर सरकार जल्दी में

मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा सके। उधर, बीजेपी ने डर की बात करते हुए निशाना साधना शुरू कर दिया है। ऐसे में नई सरकार हर आशंकाओं को जल्द खारिज करना चाहेगी।

शुक्रवार दोपहर में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने औपचारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया। वह दोपहर 2 बजे के बाद मंत्रालय की छठी मंजिल पर स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में गए और अपना कार्यभार संभाला।

**आरे मेट्रो कार शेड प्रॉजेक्ट पर लगाई रोक:** उद्धव सरकार ने एक बड़ा फैसला करते हुए आरे कॉलोनी में बनने वाले मेट्रो कार शेड के प्रॉजेक्ट पर रोक लगा दी है। तमाम पर्यावरण प्रेमियों के विरोध और पेड़ों को काटने के फैसले को अदालत में चुनौती मिलने के बाद उद्धव सरकार ने आदेश दिया है कि अगले नोटिस तक आरे कॉलोनी में कोई भी पेड़ ना काटा जाए।



### बीजेपी का हमला, डर क्यों?

उद्धव ठाकरे के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद से ही बीजेपी ने हमले शुरू कर दिए हैं। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस ने ठाकरे सरकार पर शुक्रवार को निशाना साधते हुए कहा कि मंत्रिमंडल की पहली बैठक में उसने किसानों को राहत देने पर चर्चा करने के बजाय बहुमत साबित करने पर चर्चा करना जरूरी समझा। उन्होंने कहा कि अगर बहुमत नहीं था तो दावा क्यों किया। 'महाराष्ट्र विकास आघाडी' गठबंधन विधानसभा में बहुमत होने का दावा करने के बाद अब 'डरा' हुआ क्यों है।

# विकास दर में बड़ी गिरावट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर बुरी खबर है। मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही यानी जुलाई–सितंबर तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट गिरकर 4.5 प्रतिशत पर आ गई है। पिछली 26 तिमाहियों यानी साढ़े 6 साल में यह भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे धीमी विकास दर है। एक साल पहले यह 7 प्रतिशत थी जबकि पिछली तिमाही में यह 5 प्रतिशत थी। इसके अलावा, अक्टूबर महीने में 8 कोर सेक्टरों का इंडस्ट्रियल ग्रोथ –5.8 एनएसओ द्वारा शुक्रवार को जारी जीडीपी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2019–20 की जुलाई–सितंबर के दौरान स्थिर मूल्य (2011–12) पर जीडीपी 35.99 लाख करोड़ रुपये रही जो पिछले साल इसी अवधि में 34.43 लाख करोड़ रुपये थी। इसी तरह दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 4.5 प्रतिशत रही।

जुलाई–सितंबर तिमाही में कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन क्षेत्र में 2.1 प्रतिशत और खनन और उत्खनन में 0.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं विनिर्माण क्षेत्र में इस दौरान 1 प्रतिशत की गिरावट रही। इन तीनों समूह के खराब प्रदर्शन के कारण आर्थिक वृद्धि दर कमजोर रही।

### सुस्ती

जुलाई,सितंबर तिमाही में जीडीपी ग्रोथ गिरकर 4.5 प्रतिशत

**तीसरी तिमाही से रफ्तार की उम्मीद**

जीडीपी के निराशाजनक आंकड़ों पर सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार के. वी. सुब्रमण्यन ने कहा है कि तीसरे क्वॉर्टर में जीडीपी रफ्तार पकड़ सकती है। उन्होंने कहा, श्हम एक बार फिर कह रहे हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी रहेगी। तीसरी तिमाही में जीडीपी के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है।

**पहले 7 महीने में ही राजकोषीय घाटा लक्ष्य से पार**

2018–19 के पहले 7 महीनों यानी अप्रैल से अक्टूबर के बीच ही राजकोषीय घाटा मौजूदा वित्त वर्ष के लक्ष्य से ज्यादा हो गया है। पहले 7 महीनों में राजकोषीय घाटा 7.2 ट्रिलियन रुपये (100.32 अरब डॉलर) रहा जो बजट में मौजूदा वित्त वर्ष के लिए रखे टारगेट का 102.4 प्रतिशत है। सरकार की तरफ से शुक्रवार को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल से अक्टूबर की अवधि में सरकार को 6.83 ट्रिलियन रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि खर्च 16.55 ट्रिलियन रुपये रहा।

# बीजेपी सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने गोडसे पर दोबारा मांगी माफी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लोकसभा में नाथूराम गोडसे को लेकर बुधवार को की गई टिप्पणी पर आज बीजेपी सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर को दोबारा माफी मांगनी पड़ी। इस बार उन्होंने एक वाक्य में कहा कि 27 नवंबर की अपनी टिप्पणी पर मुझे खेद है और मैं सदन से क्षमा चाहती हूं। प्रज्ञा दूसरी बार माफी मांगने के लिए खड़ी हुईं तो वह अपने पुराने रुख पर कायम दिखीं। प्रज्ञा ने इस पर विरोध जताते हुए कहा, मुझे अपनी बात कहने दीजिए। पुरानी बात भी मेरी अधूरी रह गई। मैं जो कहना चाहती हूं वह तो सुनिए। स्पीकर ने उन्हें इसकी इजाजत नहीं दी।

Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in